विश्व का भूगोल

1. जवाहर सागर, राणा प्रताप सागर और गाँधी सागर जलाशय किस नदी पर निर्मित हैं? **– चम्बल नदी पर**

2. तपोवन और विष्णु जलविद्युत परियोजनाएँ कहाँ अवस्थित हैं? **– उत्तराखंड में**

3. सरसों का सर्वाधिक उत्पादक राज्य कौन–सा है? **– राजस्थान**

4. कौन–सी नकदी फसल दक्षिण भारत में रबी फसल की तरह उपजायी जाती है? **– तम्बाकू**

5. गुजरात में बड़ोदरा क्षेत्र की मोतीपुरा खान से कौन–सा पत्थर निकाला जाता है? **– संगमरमर**

6. भारत में प्रथम परमाणु विद्युतगृह कहाँ स्थापित किया गया है? **– तारापुर में**

7. बोकारो लौह इस्पात संयंत्र की स्थापना किस देश के सहयोग से की गई? **– पूर्व सोवियत संघ के सहयोग से**

8. सतना किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है? **– सीमेंट उद्योग**

9. भारत का वह कौन–सा आधुनिकतम बंदरगाह है, जहाँ सर्वत्र अत्याधुनिक कम्प्यूटर नियंत्रित तकनीकों का प्रयोग किया गया है? **– न्हावाशेवा**

10. गुजरात स्थित किस बंदरगाह का निर्माण भारत विभाजन की क्षतिपूर्ति हेतु किया गया है? **– कांडला**

11. भारत में कोंकण रेलवे का विस्तार कहाँ से कहाँ तक है?
– रोहा (महाराष्ट्र) से मंगलौर (कर्नाटक) तक (कोंकण रेलवे की कुल लंबाई 760 किमी. है।)

12. मध्य रेलवे का मुख्यालय कहाँ है? **– मुम्बई (छत्रपति शिवाजी टर्मिनलस)**

13. मत्स्य उत्पादन की दृष्टि से भारत का कौन–सा तट अधिक महत्वपूर्ण है? **– पश्चिमी तट पर**

14. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है? **– मत्स्य उत्पादन**

15. वे दो ग्रह जिनके उपग्रह नहीं हैं, कौन–कौन हैं? **– बुध और शुक्र**

16. सूर्य के गिर्द एक परिक्रमा में कौन–सा ग्रह अधिकतम समय लेता है? **– नेप्च्यून**

17. अपने परिक्रमा पथ पर पृथ्वी लगभग किस माध्य वेग से सूर्य के चक्कर लगाती है? **– 30km/s**

18. मंगल पर जीवन की उपस्थिति के लिए कौन–सी एक अवस्था सबसे सुसंगत है?
– बर्फ घटकों और हिमशीतित जल की उपस्थिति

19. पृथ्वी के सबसे नजदीकी तारा सूर्य के बाद दूसरे सबसे नजदीकी तारा प्रोक्सिमा सेंचुरी तारा के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने में कितना समय लगता है? **– 4.3 वर्ष**

20. किस ग्रह को 'गैसों का गोला' कहा जाता है? **– शनि को**

21. किस महासागर से होकर प्रमुखत: अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा गुजरती है? **– प्रशांत महासागर से होकर**

22. उत्तरी गोलार्द्ध में इक्वीनॉक्स (Eqwinox) वर्ष के दो काल, जब दिन और रात बराबर होते हैं, कब होता है?
– 21 मार्च और 23 सितम्बर को

23. बैसाल्ट के रूपान्तरण से किस चट्टान का निर्माण होता है? **– एम्फीबोलाइट**

विश्व का भूगोल

24. भूपटल के निर्माण में किस प्रकार के चट्टान का योगदान 5 प्रतिशत से भी कम है? - **अवसादी चट्टान का**
25. भारत का कौन-सा क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है?
- **हिमालय पर्वतीय भाग एवं उत्तर भारत का मैदानी भाग**
26. 'V' आकार की घाटी कैसी स्थलाकृति है? - **नदी अपरदित**
27. क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन-सा सबसे छोटा महादेश है? - **आस्ट्रेलिया**
28. ग्रीनलैंड की खोज किसने की? - **रॉबर्ट पियरी ने**
29. यूरोप के कौन-से दो देश अन्तर्जलीय सुरंग द्वारा जुड़े हुए हैं? - **फ्रांस तथा ब्रिटेन**
30. ग्रेट आर्टिजन बेसिन किस देश में है? - **आस्ट्रेलिया में**
31. एलिफैंटा दर्रा किसे अलग करता है? - **उत्तरी श्रीलंका को दक्षिण श्रीलंका से**
32. हॉलीवुड कहाँ स्थित है? - **संयुक्त राज्य अमेरिका में**
33. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पायी जाती है? - **नाइट्रोजन**
34. कौन-सी गैस ग्रीनहाउस प्रभाव के लिए सर्वाधिक उत्तरदायी है? - **कार्बन डाइऑक्साइड**
35. हूबर बाँध किस नदी पर बनाया गया है? - **कोलोरैडो नदी पर**
36. कैंजी बांध किस नदी पर बना है? - **नाइजर नदी पर**
37. ताइवान में किस प्रकार की चाय प्रसिद्ध है? - **ओलंग चाय**
38. मोनो कल्चर किस कृषि का विशिष्ट लक्षण है? - **स्थानांतरित कृषि**
39. शीतोष्ण कटिबंधीय घास मैदान 'डाउन्स' किस महादेश में है? - **आस्ट्रेलिया**
40. अमेजन नदी के दक्षिण में स्थित ब्राजील के मैदानी क्षेत्र में पाए जाने वाले उष्णकटिबंधीय घासभूमि को क्या कहते हैं? - **कैम्पोस**
41. कल्चर मोती का उत्पादन किस देश का महत्वपूर्ण उद्योग है? - **बेल्जियम**
42. लेनिनग्राद किस उद्योग के लिए प्रसिद्ध है? - **पोत निर्माण उद्योग**
43. नदी के मुहाने पर उर्ध्व प्रवाह में चलने वाला उच्च ज्वारीय तरंग क्या कहलाता है? - **ज्वारीय भित्ति**
44. उत्तरी अटलांटिक प्रवाह द्वारा सर्वाधिक लाभान्वित होने वाला देश कौन-सा है? - **नार्वे**
45. किस जलडमरुमध्य में से निकाली गई सुरंग यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस को जोड़ती है? - **डोबर जलसंधि**
46. कौन-सा जलडमरुमध्य अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के सर्वाधिक निकट है? - **बेरिंग जलडमरुमध्य**
47. वायु प्रवाह के बीच में पर्वतों के आ जाने से जो वर्षा होती है, उसे क्या कहते हैं? - **संवहनीय वर्षा**
48. किस अक्षांश पर वार्षिक तापांतर न्यूनतम होता है? - **भूमध्य रेखा**
49. ईरी झील को मिशीगन झील से जोड़ने वाली नहर कौन-सी है? - **ईरी नहर**
50. भारत किस गोलार्द्ध में स्थित है? - **उत्तरी तथा पूर्वी गोलार्द्ध में**